अगले हफ्ते रेलवे संरक्षा आयुक्त करेंगे जांच

बनमनखी। पूर्णिया-बनमनखी-सहरसा रेलखंड पर बड़ी लाईन चालू होने की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। चंद रोज में रेलवे के मुख्य संरक्षा आयुक्त रेलखंड की जांच करेंगे। इसके बाद बड़ी लाईन चालू होने की सारी औपचारिकताएं पूरी हो जाएंगी। सिर्फ हरी झंडी मिलने का इंतजार बच जाएगा।

रेलवे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी(निर्माण) बी पी गुप्ता ने बताया कि सीआरएस निरीक्षण से पहले जरूरी दस्तावेज और प्रतिवेदन भेज दिए गए हैं। जल्द ही सीआरए रेलखंड का स्थलीय जायजा लेंगे।

रेलवे सूत्रों के अनुसार, 14-15 मार्च को सीआरएस स्तर की जांच होने की संभावना है। दो दिनों तक बड़ी लाईन से संबंधित कागजी और भौतिक निरीक्षण चल सकता है।

हाल में ही रेलेवे के महाप्रबंधक ए के मित्तल ने दो चरणों में पूर्णिया-सहरसा रेलखंड की जांच की थी।

महाप्रबंधक ने पूर्णिया-बनमनखी रेलखंड पर आमान परिवर्तन से जुड़े सारे महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण होने की पुष्टि की थी। इशारों में यह भी बता दिया गया था कि कोसी एक्सप्रेस से बड़ी लाईन का श्रीगणेश होगा। **(नि.सं.)**